## मेघवाल आज करेंगे प्रदर्शनी का शुभारंभ

**बीकानेर,** (कासं)। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो जोधपुर द्वारा बीकानेर के महारानी उच्च माध्यमिक विद्यालय में 6 से 10 दिसम्बर तक पांच दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी का आयोजन किया जायेगा।

प्रदर्शनी 'वंदे मातरम् की पुकार, श्रमिक सुरक्षा का विस्तार' थीम पर आधारित है, जो वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने और देश में श्रमिक सुरक्षा के महत्व पर केंद्रित है। प्रदर्शनी का उद्घाटन 6 दिसम्बर को किया जायेगा। मुख्य अतिथि अर्जुनराम मेघवाल, केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री तथा सुमित गोदारा, राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता मामले उपस्थित रहेंगे।

पत्र सूचना कार्यालय एवं केंद्रीय संचार ब्यूरो जयपुर के निदेशक अनुभव बैरवा ने बताया कि प्रदर्शनी में केन्द्र सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र निर्माण के महत्वपूर्ण पहलुओं को दर्शाते हुए 9 ज़ोन बनाये गए हैं। इनमें महिला सशक्तिकरण, किसान कल्याण, युवा विकास आदिवासी कल्याण, संसाधन विकास, डिजिटल इंडिया, रक्षा क्षेत्र में नवाचार जैसे ऑपरेशन सिंदूर, भारतीय संविधान के 75 वर्ष, और ज्ञान भारतम् मिशन आदि शामिल हैं। प्रदर्शनी में प्रधानमंत्री जन धन योजना के बेमिसाल 11 साल, प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, जीएसटी सुधार कार्यक्रम पर विस्तृत जानकारी प्रदर्शित की गई है।

# मिट्टी की जांच व वैज्ञानिक तरीके से खेती के बारे में जानकारी दी

**बीकानेर,** (कासं)। केन्द्रीय शुष्क बागवानी संस्थान बीकानेर ने केजीएस-एनजीओ के संयुक्त तत्वावधान में जिले के कोलायत ब्लॉक के दियातरा गांव में विश्व मृदा दिवस का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में करीब 70-80 किसानों, महिलाओं बच्चों, पंचायत पदाधिकारियों तथा वैज्ञानिकों ने भाग लिया। इस दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य के प्रबंधन एवं उसके महत्व के बारे में विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. धुरेन्द्र सिंह ने स्वस्थ मिट्टी में स्वस्थ बागवानी उत्पादन के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि यदि मिट्टी स्वस्थ है तो वह बागवानी फसलों का उच्च उत्पादन के साथ उच्च गुणवत्ता वाले फल और सब्जी का उत्पादन किया जा सकता है जो कि आज की महति आवश्यकता है।

- कार्यक्रम में करीब 70-80 किसानों तथा वैज्ञानिकों ने भाग लिया
- वैज्ञानिकों ने मृदा स्वास्थ्य के प्रबंधन एवं उसके महत्व के बारे में चर्चा की



कोलायत ब्लॉक के दियातरा गांव में विश्व मृदा दिवस पर किसानों को प्रधान वैज्ञानिक डॉ. धुरेन्द्र सिंह ने स्वस्थ मिट्टी में स्वस्थ बागवानी उत्पादन के बारे में जानकारी दी।

संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ शिवराम मीना ने स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मृदा के विषय पर विस्तार से चर्चा करते हुए इसके महत्व पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने संस्थान की उन्नत तकनीकियों के बारे में चर्चा करते हुए उन्होंने अपनाने की सलाह दी और कहा कि मिट्टी के स्वास्थ्य एवं पोषक तत्वों का प्रबंधन करके ही उच्च गुणवत्ता वाले फलों को प्राप्त कर आज के बाजार में उनसे अच्छा धन-लाभ कमाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि अंतराष्ट्रीय बाजार में उन्हीं कृषि उत्पादों से लाभ लिया जा सकता है जो कि मानक स्तर पर खरे होते है जो स्वस्थ एवं उच्च कोटि की मिट्टी से ही संभव है। संस्थान के वैज्ञानिक रूपचंद बलाई ने कहा कि मिट्टी को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है कि किसान समय पर उसकी जांच कराएं। उन्होंने मिट्टी के नमूनों की जांच के बारे में किसानों को अवगत कराया।

उन्होंने कहा कि स्वस्थ मिट्टी के लिए सभी पोषक तत्वों को संतुलित रूप से देना बेहद जरूरी है। साथ ही संस्थान की वैज्ञानिक डॉ. मनप्रीत कौर ने कहा कि स्वस्थ मिट्टी पर बागवानी एवं अन्य फसलों को उगाकर अधिक आर्थिक लाभ कमाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि किसान कृषि आदानों का सही मात्रा में उपयोग करके कम लागत में अधिक स्वास्थ उत्पादन एवं लाभ ले सकते हैं।

विश्व मृदा दिवस के अवसर पर एसकेआरएयू के मृदा विज्ञान एवं कृषि रसायन विभाग, आईसीएआर-काजरी, क्षेत्रीय अनुसंधान स्टेशन, बीकानेर, अखिल भारतीय समन्वित परियोजना मृदा परीक्षण परियोजना तथा खारे पानी का प्रबंधन कृषि में संबंधित लवणीकरण, बीकानेर केंद्र के सहयोग से कृषि महाविद्यालय में शुक्रवार को कार्यक्रम आयोजित किया।


## दिल्ली महारैली को लेकर तैयारी बैठक

**बीकानेर,** (कासं)। ब्लॉक कांग्रेस कार्यालय डूडी हाउस नोखा में आज मतदाता गहन पुनरीक्षण, वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत आगामी 14 दिसम्बर को दिल्ली में प्रस्तावित महारैली की तैयारी को लेकर नोखा ब्लॉक शहर अध्यक्ष मोहनराम लीलड़ व देहात अध्यक्ष रामनिवास तर्ड की अध्यक्षता में कार्यकर्ताओं की अहम बैठक आयोजित की गई।

बैठक में शहर ब्लॉक अध्यक्ष मोहनराम लीलड़ ने कहा कि ईवीएम या मतदाता सूची में गड़बड़ी करके सत्ता हथियाने का काम कर रही है। मतदाता सूची लोकतांत्रिक व्यवस्था महत्वपूर्ण कड़ी है और हर पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना चाहिए। उन्होंने कहा कि 14 दिसम्बर को दिल्ली में आयोजित होने वाली रैली में हमें अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कांग्रेस पार्टी व राहुल गांधी को मजबूती प्रदान करनी है। नोखा देहात ब्लॉक अध्यक्ष रामनिवास तर्ड ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली में प्रस्तावित महारैली व विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान को सफल बनाने के लिए संकल्पित हैं। मतदाता सूची की किसी भी विसंगति को तुरन्त सुधारेंगे व भाजपा के वोट काटने के मंसूबों को पूरा नहीं होने देंगे। पीसीसी प्रभारी संजय आदराम मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता बूथ पर सक्रिय रहकर विधानसभा के सभी मतदान केंद्रों पर सही मतदाता सूची तैयार करवाने में बीएलओ की मदद करेंगे।

### सार-समाचार

## डोडा-पोस्त सप्लायर गिरफ्तार



एक साल से फरार चल रहे डोडा पोस्त के मुख्य सप्लायर श्यामलाल बिश्नोई को बीकानेर से गिरफ्तार किया।

**अनूपगढ़,** (कासं)। पुलिस ने डोडा पोस्त तस्करी के एक मामले में एक साल से फरार चल रहे मुख्य सप्लायर श्यामलाल बिश्नोई को बीकानेर से गिरफ्तार किया। आरोपी श्यामलाल पुत्र सोनाराम बिश्नोई जोधपुर जिले के लक्ष्मण नगर चाडी का निवासी है। अनूपगढ़ थानाधिकारी ईश्वर प्रसाद जांगिड़ ने बताया कि यह गिरफ्तारी 21 अक्टूबर 2024 को दर्ज एक प्रकरण से संबंधित है। उस समय पुलिस ने दो कारों से 60 किलो डोडा पोस्त बरामद किया गया था। इस मामले में पहले ही पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका था, लेकिन मुख्य सप्लायर श्यामलाल लगातार फरार चल रहा था। पुलिस को श्यामलाल की बीकानेर में मौजूदगी की सूचना मिलने पर उसे धर दबोचा गया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ की जा रही है। उम्मीद है कि इस पूछताछ से डोडा पोस्त तस्करी के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिल सकेगी।

## कैंसर सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन



कैंसर एवं विकिरण के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के ब्रोशर का विमोचन पूर्व यूआईटी चेयरमैन महावीर रांका ने किया।

**बीकानेर,** (कासं)। राजकीय डूंगर महाविद्यालय में19 से 20 जनवरी को विकिरण एवं कैंसर पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। प्राचार्य प्रो. राजेंद्र पुरोहित ने बताया कि सम्मेलन इंडियन सोसायटी फॉर रेडिएशन बायोलॉजी और डूंगर कॉलेज के प्राणिशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया जायेगा जिसके ब्रॉशर का विमोचन आज किया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि महावीर रांका, पूर्व अध्यक्ष, यूआईटी बीकानेर ने कहा कि नशा जीवन के लिए अभिशाप है। उन्होंने जीवन शैली सुधारने के लिए उपस्थित लोगों से अपील की। उनका कहना था कि व्यसन मुक्त जीवन ही वास्तव में जीवन है। प्राचार्य प्रोफेसर राजेंद्र पुरोहित ने बताया कि यह संस्था पिछले पैंतीस वर्षों से भारतीय जैव विकिरण सोसायटी से जुड़ी रही है। महाविद्यालय लगातार छठी बार अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। उन्होंने महाविद्यालय को व्यसन मुक्त संस्था बताया। कार्यक्रम की समन्वयक डॉ. अर्चना पुरोहित, आयोजन सचिव ने बताया कि देशभर के इस क्षेत्र के सभी सक्रिय शोधार्थी अपने अपने शोध साझा करेंगे। कार्यक्रम में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के प्रभारी, छात्र, शोधार्थियों के साथ- साथ बड़ी संख्या में नगर की गणमान्य हस्तियां मौजूद रही।

## साहित्यकार व्यास को श्रद्धांजलि दी

**बीकानेर,** (कासं)। साहित्य मनीषी भवानी शंकर व्यास के निधन पर नगर की अनेक संस्थाओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। प्रेरणा प्रतिष्ठान के अध्यक्ष प्रेमनारायण व्यास ने कहा कि स्व भवानी शंकर व्यास विनोद संस्था के संरक्षक और मार्गदर्शक थे जिनकी छत्रछाया में संस्था ने साहित्य, कला संस्कृति समाजसेवा और चिकित्सा के क्षेत्र में चार दशकों से अधिक कार्य किया है। उन्होंने कहा कि स्व. विनोद का बीकानेर की कला संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में सृजन अविस्मरणीय है। शब्दरंग साहित्य एवं कला संस्थान के संयोजक अशफाक कादरी ने कहा स्व भवानी शंकर व्यास विनोद साहित्य के प्रति समर्पित विभूति थे, जिन्होंने 60 से अधिक पुस्तकें लिखी एवं 135 से अधिक पुस्तकों की भूमिकाएं लिखकर साहित्य साधकों को आगे बढ़ाया। संस्थान के सचिव राजाराम स्वर्णकार ने कहा कि स्व भवानी शंकर व्यास विनोद साहित्य के इनसाइक्लोपीडिया थे जिनके संदर्भ साहित्य जगत के लिए बहुपयोगी है। बागेश्वरी संस्थान के अध्यक्ष अब्दुल शकूर सिसोदिया ने कहा कि स्व. भवानी शंकर व्यास विनोद महान शिक्षाविद, मंच संचालक, शब्द ऋषि थे। मेडिकल कॉलेज चूरू के पूर्व प्राचार्य डॉ सीताराम गोठवाल, अर्थशास्त्री व्यंग्यकार डॉ अजय जोशी, वरिष्ठ संगीतज्ञ ज्ञानेश्वर सोनी, शायर डॉ नासिर जैदी, फिल्मकार मंजूर अली चंदवानी ने भी स्व. व्यास को श्रद्धासुमन अर्पित किए।

## एक शाम धर्मेन्द्र के नाम के नाम आज

**बीकानेर,** (कासं)। सुर गंगा म्यूजिकल ग्रुप बीकानेर द्वारा 6 दिसम्बर को महाराजा नरेंद्रसिंह ऑडिटोरियम होटल लालजी के सामने शाम 5 बजे हिन्दी सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धर्मेन्द्र के 90 वें जन्मदिन जंयती के अवसर पर एक शाम धर्मेन्द्र के नाम कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। संस्था अध्यक्ष एम. रफीक कादरी ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सत्यप्रकाश आचार्य भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व डॉ मीना आसोपा वरिष्ठ भाजपा नेत्री होंगे। अध्यक्षता श्याम पंचारिया देहात अध्यक्ष भाजपा व सुमन छाजेड़ भाजपा शहर अध्यक्ष करेंगे। विशिष्ट अतिथि श्याम सिंह हाड़ला, एम. आर. मुगल, सचिन भाटिया होंगे।

# रैली से दी टीबी के उपचार एवं रोकथाम की जानकारी

**बीकानेर,**(कासं)। राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय कोलायत में बुधवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली एवं विशेष शिक्षण सत्र का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं एवं समुदाय में क्षय रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और टीबी उन्मूलन के लिए सामूहिक प्रयासों को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में खंड मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुनील जैन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि टीबी पूरी तरह से इलाज़ योग्य बीमारी है। इसके लिए सरकार द्वारा निःशुल्क जांच, दवाईयां एवं पोषण सहायता उपलब्ध कराई जाती है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की भागीदारी अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में अत्यंत महत्वपूर्ण है।



रा. बा. उ. मा. विद्यालय कोलायत में बुधवार को टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत विशेष शिक्षण सत्र का आयोजन किया।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम से एसटीएलएस लक्ष्मीकांत, नर्सिंग ऑफिसर सरफराज सहित अन्य कार्मिक मौजूद रहे। टीम ने टीबी के लक्षण, संक्रमण के तरीके, डॉट्स उपचार पद्धति और समय पर जांच करवाने के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लगातार खांसी, वजन घटना, कमजोरी, बुखार या रात में पसीना आना जैसे लक्षण दिखें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में जांच करवानी चाहिए। विर्दिलय की वाइस प्रिंसिपल मंजू सुथार, शिक्षिका शीला चूरा, गोविंद राम, हजारी राम, कमल किशोर, लक्ष्मी प्रजापत सहित अन्य शिक्षकगण कार्यक्रम में मौजूद थे।

## सलुंडिया में 6 साल से अधूरा पड़ा जीएसएस

**नोखा,** (कासं)। नोखा के सलुंडिया ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्रस्तावित सैकंड जीएसएस का निर्माण पिछले 6 सालों से अधूरा पड़ा है।

इसी मुद्दे पर भाजपा नेता शिवराज बिश्नोई ने जोधपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक को एक ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने लंबित कार्य की उच्च स्तरीय जांच, जिम्मेदार अधिकारियों की जवाबदेही तय करने और जीएसएस को शीघ्र पूर्ण करवाने की मांग की है। सरकार ने क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने, वोल्टेज व ट्रिपिंग की समस्या दूर करने तथा किसानों को नियमित विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस जीएसएस को स्वीकृति दी थी। 6 साल बीत जाने के बाद भी निर्माण कार्य में प्रगति नहीं होने से जनता को लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि वोल्टेज की समस्या, बार-बार ट्रिपिंग और ओवरलोडिंग के कारण खेतों की सिंचाई प्रभावित हो रही है।

# खेजड़ी कटाई के फैसले पर जताया रोष

**नोखा,** (कासं)। राजस्थान सरकार के फैसले के खिलाफ बिश्नोई समाज में भारी आक्रोश है। यह फैसला खेजड़ी पेड़ों की कटाई से संबंधित है। बीकानेर, जोधपुर सहित पूरे राजस्थान में समाज ने इस निर्णय का विरोध किया है।

नोखा में समाज के प्रतिनिधियों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर अपना विरोध दर्ज कराया। बिश्नोई समाज पिछले एक साल से अधिक समय से खेजड़ी के पेड़ों को बचाने के लिए धरने पर बैठा है। इस संबंध में समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से भी मुलाकात की थी। मुख्यमंत्री ने उस समय खेजड़ी पेड़ों को बचाने के लिए कठोर कानून बनाने का आश्वासन दिया था।

हालांकि कैबिनेट मंत्री जोगाराम पटेल ने प्रेस वार्ता में बताया कि एक पेड़ की कटाई पर 1000 रुपए का जुर्माना लगाया जायेगा। साथ ही वन विभाग की जमीन पर पेड़ काटने पर

- बिश्नोई समाज पिछले एक साल से अधिक समय से खेजड़ी के पेड़ों को बचाने के लिए धरने पर बैठा है

पहले जो 6 महीने की सजा का प्रावधान था, उसे समाप्त कर दिया जायेगा। इस फैसले के विरोध में बिश्नोई समाज के साधु-संत और आम नागरिक जल्द ही मुकाम में एक बड़ी बैठक करेंगे। इस बैठक में आगे की रणनीति तय कर एक बड़ा आंदोलन शुरू करने का निर्णय लिया जायेगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान अखिल भारतीय जीव रक्षा बिश्नोई सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष सुभाष बिश्नोई, जिलाध्यक्ष रिछपाल फौजी, नारायण जोशी, एडवोकेट रामनिवास भाम्भू, जुगल हटीला, सुनील भादू सहित कई पर्यावरण प्रेमी मौजूद रहे।

# कोलायत में छात्रों ने स्कूल गेट के ताला जड़ा

**बीकानेर,** (कासं)। कोलायत क्षेत्र में शुक्रवार को एक सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स ने स्कूल के मैन गेट पर ताला जड़ दिया। दरअसल स्कूल में कमरों की कमी के चलते स्टूडेंट्स और उनके अभिभावक खासे नाराज नजर आये।

ग्राम पंचायत गोविंदसर तहसील कोलायत के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में कक्षा कक्षों की कमी के कारण ग्रामवासी आक्रोशित हुए तथा विद्यालय को ताला जड़ दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उच्च माध्यमिक स्तर का स्कूल संचालित हो रहा है लेकिन क्लास रूम अपर प्राइमरी स्कूल जितने भी नहीं है।

विभाग को बार- बार पत्र लिखने के बावजूद भी कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। गांव के युवा साथी यूथ आइकॉन खेत पाल गोविंदसर ने बताया कि जब कमरों के अभाव में सर्दी के चलते जब

- ग्राम पंचायत गोविंदसर तहसील कोलायत के रा. उ. मा. विद्यालय में कक्षा कक्षों की कमी से छात्र नाराज

स्कूली बच्चों के साथ कुछ अनहोनी होगी तब विभाग को समझ आयेगा।

वर्तमान में 482 विद्यार्थियों का नामांकन है जिनको कक्षा कक्षों की कमियों के कारण सर्दियों में बाहर बैठाना पड़ रहा है। सभी ग्रामीणों ने भारी विरोध करते हुए बताया कि कोलायत क्षेत्र की कई स्कूलों में कक्षा कक्ष स्वीकृत किए है लेकिन गोविंदसर अभी भी कक्षा कक्ष से वंचित है।

## पन्नालाल संचेती नोखा बार अध्यक्ष बने

**नोखा,** (कासं)। बार एसोसिएशन की आम सभा में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें पन्नालाल संचेती को अध्यक्ष चुना गया।

कार्यकारिणी में किशन गोपाल चिंतलगी को उपाध्यक्ष, राजेश पंचारिया को सचिव और मनोज गोदारा को सह सचिव बनाया गया है। धीरज बिश्नोई और राजकुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। जबकि जयसिंह राठौड़ पुस्तकालय अध्यक्ष और ताराचंद नाई प्रचार मंत्री चुने गए हैं। अधिवक्ता कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में अनूप सिंह राठौड़ को सभापति नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी परामर्श समिति में रामनिवास माचरा, रामप्रताप बिश्नोई, ओमप्रकाश बिश्नोई, हनुमान चौधरी, शंकरलाल बिश्नोई, मांगेराम डूडी, मनोज भार्गव शामिल है।

# मां के गर्भ में जो सीखा सदैव याद रहता है : पं. मनावत

**बीकानेर,** (कासं)। छोटी काशी बीकानेर समर्थ शिशु श्रीराम कथा में प्रभु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया।

गंगाशहर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में चल रही कथा का वाचन करते हुए अवंतिका धाम उज्जैन से पधारे मानस मर्मज्ञ पंडित श्याम मनावत ने कहा कि भक्ति के आचार्य प्रहलाद ने मां के गर्भ में ही भागवत का श्रवण कर लिया था। मां के गर्भ में ही उन्हें ईश्वर भक्ति प्राप्त हो गई जिसे चाह कर भी हिरण्यकश्यप समाप्त नहीं कर पाया। क्योंकि मां की कोख में जो पढ़ा जाता है वह कभी ना तो भूला जाता है और ना ही बदला जा सकता है और न ही मिटाया जा सकता है।

अर्जुन पुत्र वीर अभिमन्यु ने मां की कोख में ही चक्रव्यूह भेदन की कला सीख ली थी। उन्हें युद्ध का कौशल मां के ही गर्भ में प्राप्त हो गया था। इसलिए यह विश्वास पूर्वक कहा जा सकता है कि मां की कोख से बड़ा दुनियां का कोई विश्वविद्यालय नहीं हो सकता। जीवन की शतायु तक 9 महीने जो मां की कोख में पड़ा है उसका प्रभाव रहता है। आज कथा का विषय जन्म से एक वर्ष के शिशुओं की माताओं का शिक्षण (क्षीरादावस्था) शिक्षण रहा जोड़ो से आरती पूजन करवाया गया। उनका सम्मान किया गया। गुरूवार के मुख्य यजमान महावीर प्रसाद सारस्वत रहे।

- गंगाशहर स्थित आदर्श विद्या मंदिर में राम कथा का वाचन

बच्चों को ऊर्जावान बनाने के लिए हनुमान चालीसा का पाठ कराएं। राम झरोखा कैलाश धाम के महंत अखिल भारतीय महामंडलेश्वर सरजूदास महाराज ने कहा कि हमें अपने आपमें राम का चरित्र लाना चाहिए। भगवान भक्त के आंसू अपनी आखों में ले लेते हैं। बच्चों को उर्जावान बनाने के लिए प्रतिदिन हनुमान चालीसा का पाठ करना चाहिए।

आदर्श शिक्षण संस्थान के जिला सचिव मूलचंद ने कथा में आये यजमान समाजसेवी रतन लाल पुगलिया, नारायण चौपड़ा, राजेश चूरा, संतोष कुमार कोठारी, विद्या भारती के अधिकारियों का परिचय करवाया। मंच से पूज्य संत रामसुख दास महाराज का कीर्तन करवाया। पंडित श्याम मनावत ने बीकानेर को पूज्य संत रामसुख दास महाराज की तपोभूमि बताया।

# नरमा खरीद केन्द्र पर मजदूरी नहीं मिलने के विरोध में पल्लेदार-मजदूरों का धरना

**अनूपगढ़,** (कासं)। धानका तोला पल्लेदार और मजदूर संघ के मजदूरों ने नरमा की सरकारी खरीद में मजदूरी न मिलने के विरोध में कृषि उपज मंडी समिति परिसर में धरना शुरू कर दिया है। शुक्रवार को उन्होंने नई धान मंडी में भी काम बंद कर दिया, जिससे कृषि जिंसों को लेकर आये किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

मजदूरों का आरोप है कि भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदे जा रहे नरमे की तुलवाई उनसे नहीं करवाई जा रही है। इसके कारण उन्हें मजदूरी नहीं मिल पा रही है। मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर कृषि उपज मंडी समिति में जमकर नारेबाजी भी की। संघ के अध्यक्ष पप्पू मावर ने बताया कि सीसीआई फैक्ट्री संचालकों को 165 किलोग्राम रूई निकालने के लिए 1050 रूपए का भुगतान करता है, जिसमें मजदूरी का खर्च भी शामिल होता है। हालांकि यह मजदूरी मजदूरों तक नहीं पहुंच रही है। मजदूर संघ के किशन धानका ने बताया कि सीसीआई मजदूरों से काम नहीं करवा रहा है, जबकि लेबर का पैसा उठाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले तीन दिनों से मजदूर आंदोलन कर रहे हैं, लेकिन कृषि उपज मंडी समिति के अधिकारियों ने उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया। इसी कारण मजदूरों ने मजबूर होकर नई धान मंडी में कार्य को बंद कर दिया है।



अनूपगढ़ में नरमा खरीद केन्द्र पर मजदूरी नहीं मिलने के विरोध में श्रमिकों ने काम बंद कर धरना दिया।

- भारतीय कपास निगम (सीसीआई) द्वारा एमएसपी पर खरीदे जा रहे नरमे की तुलवाई उनसे नहीं करवाई जा रही

मजदूरों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मान ली जाती, तब तक नई धान मंडी में काम बंद रहेगा। उन्होंने यह भी कहा कि यदि प्रशासन उनकी मांगों पर फिर भी ध्यान नहीं देता है, तो मजदूर संघ आंदोलन को और उग्र करेगा।

## बंद मकान से सोने के आभूषण चोरी

**अनूपगढ़,** (कासं) अनूपगढ़ के गांव 1 एलएसएम बांडा कॉलोनी में एक बंद घर से सोने के आभूषण और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया। पीडित सत्यनारायण पुत्र मनीराम ने अनूपगढ़ थाने में मामला दर्ज कराया है।

सत्यनारायण ने पुलिस को बताया कि वो किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। लगभग एक घंटे बाद जब वे घर लौटे तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर प्रवेश करने पर उन्होंने देखा कि कमरे में रखी अलमारी का ताला भी टूटा पड़ा था। अलमारी के लॉकर की जांच करने पर पता चला कि उसमें रखे सोने के सभी आभूषण गायब थे। चोरों ने एक सोने का हार, एक जोड़ी झुमके, तीन अंगूठियां और एक लॉकेट चुरा लिया। इसके अतिरिक्त, लगभग पांच से सात हजार रूपए नकद भी चोरी हुए हैं। ताले टूटे और सामान गायब देखकर सत्यनारायण ने शोर मचाया तो आस-पड़ौस के लोग एकत्रित हो गए।

# छात्रों को नशे के खिलाफ जागरूक किया

**सूरतगढ़,** (कासं)। सूरतगढ़ के स्व. गुरूशरण छाबड़ा गवर्नमेंट कॉलेज में सांस्कृतिक समिति एवं नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कौशल विकास कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ।

प्रसिद्ध कला विशेषज्ञ अंजू जैन के मार्गदर्शन में चली इस कार्यशाला में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने पेंटिंग, ड्राइंग व अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रूप से शामिल हुए। समापन अवसर पर 'नशा : एक सामाजिक बुराई' विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद खुशबू चौधरी ने प्रथम, रेणुका ने द्वितीय तथा आयुषी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेताओं को अतिथियों ने प्रमाण-पत्र व ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यशाला में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को भी भागीदारी प्रमाण-पत्र वितरित किए गए।

निर्णायक मंडल में कला विशेषज्ञ अंजू जैन, वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. अंतर्यामी कौशिक तथा विनोद गोदारा शामिल रहे। डॉ. कौशिक ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युग में तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ रचनात्मक कौशल का विकास भी आवश्यक है। उन्होंने छात्रों से निरंतर नई चीजें सीखने की अपील की। कार्यशाला के दौरान छात्रों द्वारा बनाई गई सभी पेंटिंग्स व ड्राइंग्स की एक आकर्षक प्रदर्शनी भी लगाई गई। महाविद्यालय के प्राचार्य, समस्त स्टाफ सदस्यों व छात्रों ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और छात्रों की कलात्मक प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा की। संयोजिका चंद्रकला, सहायक आचार्य एवं नई किरण नशा मुक्ति केन्द्र की संचालिका ने बताया कि यह कार्यशाला न केवल छात्रों में छिपी कला को निखारने का माध्यम बनी बल्कि नशे जैसी सामाजिक कुरीति के प्रति जागरूकता फैलाने में भी सफल रही।